दैनिक जागरण 21/11/2024

कैंप में कैडेट्स ने बनाए नशामुक्ति पर पोस्टर

जासं • अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा चलाए गए कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कैडेट्स ने नशा मुक्ति विषय पर कैडेट्स द्वारा पोस्टर बनाये गए। कैडेट्स ने कालेज में विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्रों को नशा मुक्ति से संबंधित राय सांझा की। इसी तरह नशामुक्त भारत अभियान पर एक वक्तव्य का आयोजन किया गया जिसमें डा. सरोज बाला नशामुक्त भारत अभियान प्रतिनिधि मुख्य अतिथि रहीं। इस सत्र का उद्देश्य कैडेट्स को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना था ताकि वे अपने आसपास जागरूकता फैला सकें। कार्यक्रम के अंतिम दिन कालेज में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को स्वच्छ किया एवं साथ ही कालेज के गांधी ग्राउंड में भी स्वच्छता अभियान चलाया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एनसीसी गर्ल्स विंग कैडेट्स के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान समय समय पर होते रहना चाहिए। सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि यह सभी गतिविधियां एक हर हरियाणा बटालियन के आदेश अनुसार की गई हैं। इसी तरह कालेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा सीआरसी यूनिट के सहयोग से रिसर्च मेथोडोलाजी यानी कि अनुसंधान क्रियाविधि पर दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रीजेंटेशन के माध्यम से विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मनदीप कौर ने विषय पर प्रकाश डाला।

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में शामिल एनसीसी गर्ल्स विंग की कैडेट। • सौजन्य विज्ञप्ति